# इरेडा का ऐतिहासिक वार्षिक कार्य-निष्पादन (वित्तीय वर्ष 2012-22)

# अब तक की सर्वाधिक ऋण स्वीकृति 23,921 करोड़ रूपये (वित्तीय वर्ष 2020 -21 की तुलना में 117% की वृद्धि)

# अब तक का सर्वाधिक ऋण वितरण 16,071 करोड़ रूपये (वित्तीय वर्ष 2020-2। की तुलना में 82% की वृद्धि)



नई दिल्ली, 04 अप्रैल, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा-विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), भारत में अक्षय ऊर्जा का सबसे बड़ा समर्पित ऋणदाता ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के समापन पर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है| इरेडा लगभग 23921.06 करोड़ रूपये अबतक का सर्वाधिक ऋण स्वीकृति और लगभग 16070.82 करोड़ रूपये अबतक का सर्वाधिक ऋण वितरण करने में कामयाब हुआ है। इस अवसर पर, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने प्रेरक संवाद के माध्यम से सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित किया।

इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर प्रकाश डाला डाला कि "इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रमुख 'मील के पत्थर' वाली उपलब्धि हासिल की है, भले ही इस वर्ष के दौरान वैश्विक स्तर पर तनावपूर्ण स्थितियों के साथ-साथ कोविड-9 महामारी की दूसरी और तीसरी लहरें थीं | इरेडा माननीय प्रधान मंत्री के 'पंचामृत' सीओपी26 लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जिसमें वर्ष 2030 तक आरई स्रोतों के माध्यम से देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के 50% का लक्षित उपयोग करना और इसी समय तक भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाना शामिल है। इरेडा, माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण 2022 में घोषित उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल के निर्माताओं को पीएलआई योजना के लिए 19,500

करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन के लिए एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है|

वित्तीय वर्ष 202-22 के दौरान इरेडा के कार्य-निष्पादन/प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं (अनंतिम) निम्नलिखित हैं:

- **ऋण स्वीकृति:** अब तक की सबसे अधिक यानी वित्तीय वर्ष 2021-22 में 23,924 करोड़ रुपये जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 दौरान 11,001 करोड़ थीं | (117% की वृद्धि)
- **ऋण संवितरण:** अब तक का सबसे अधिक यानी वित्तीय वर्ष 2021-22 में 16,071 करोड़ रुपये जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 8,827 करोड़ रूपये थीं | (82% की वृद्धि)
- **एनपीए:** वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुद्ध एनपीए घटकर 3.29% हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 5.6% था । (लगभग 41% का सुधार )
- **नेटवर्थ :** वित्तीय वर्ष 2021-22 को समापन पर बढ़कर 4,989 करोड़ रुपये हो गया जबकि यह वित्तीय वर्ष 2020-2। को समापन वर्ष पर 2,995 करोड़ रूपये था| (67% की वृद्धि)
- **ऋण बुक :** वित्तीय वर्ष 2021-22 को समाप्त वर्ष पर यह बढ़कर 34,000 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 को समाप्त वर्ष पर यह 27,854 करोड़ रूपये था| (लगभग 22% की वृद्धि)

इस अवसर पर, इरेडा के सीएमडी ने पीएमओ, सीसीईए, भारत सरकार, एमएनआरई, नीति आयोग और एमओएफ को इरेडा का लगातार मार्गदर्शन करने और हर समय विशेष रूप से प्रतीक्षित इक्विटी निवेश को साकार करने के लिए उनके समर्थन देने के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने पूरी टीम इरेडा को उनके अथक प्रयासों, धैर्य और रिकॉर्ड उपलब्धि प्राप्त करने के लिए, समर्पण के लिए अपनी शुभकामनाएं और धन्यवाद भी दिया। इरेडा वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने मैंडेट पर और भी अधिक वितरण की आशा कर रहा है क्योंकि कंपनी ने पिछले दो वर्षों के दौरान तिमाही वित्तीय परिणामों में निरंतर वृद्धि दर्ज की है।

श्री दास ने यह भी दोहराया कि, "इरेडा पारदर्शिता, सुशासन और एक सक्रिय दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है और काम करता है। कंपनी की सफलता उनके अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रयासों से बनती है। यह नवाचारों, सहयोगों और व्यवसाय का विस्तार, विविधीकरण, और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए गतिशीलता बाजार के साथ पारस्परिक रूप से काम करने का समय है। हमारी संयुक्त ताकत ही हमें सफल बनाती है। आइयें, आगामी नए साल की शुरुआत एक केंद्रित, अनुकूलित और प्रतिबद्ध कार्य योजना के साथ करें, ताकि हमारे ग्राहकों को स्वच्छ और हरित ऊर्जा की एक वृहद विजन के साथ सेवा प्रदान की जा सके। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इरेडा के संचालन में पूरी मूल्य श्रृंखला खुश हो और गर्व से “एकबार इरेडा ,हमेशा इरेडा” / (वन्स इरेडा, ऑलवेज इरेडा') की भावना को नियामित बनाए रखे।"